डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2021- 23

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 23 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 31 अक्टूबर 2023 | मूल्य 2 रुपया

पुलिस पर जान से मारने की नियत से किया था हमला, दो लोगों को आजीवन कारावास की सजा

गरोठ, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। अपर सत्र न्यायाधीश गरोठ श्रीमती प्रिया शर्मा द्वारा आरोपी लखविंदर उर्फ लक्खा पिता बलतेज सिंह जाति जाट सिक्ख उम्र 29 वर्ष निवासी नाथेवाला थाना बाघपुराना जिला मोंगा पंजाब व अमरिकसिंह उर्फ शेरा पिता लेखराम सिंह सिक्ख निवासी जयमलवाला थाना बाघपुराना जिला मोंगा पंजाब को पुलिस पर प्राणघातक हमला करने का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं अन्य धाराओं में दण्डित करते हुए जुर्माने से भी दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर 2019 को गरोठ थाने का आर. चालक रोहित चाकरे वाहन में खराबी होने के कारण मंदसौर जा रहे थे। तभी दो संदिग्ध व्यक्ति गांव बर्डिया गुर्जर में देखे गये। शंका होने पर उनका वाहन चैक करने के दौरान वाहन को तेजी से चलाकर आरोपित भाग निकले। पीछा करने पर उन्होंने अपने पास रखी बंदूक से फायर किया। सूचना मिलने पर थाना गरोठ के फोर्स ने उनको रोकने के लिये बारहमासी चौराहे पर नाकाबंदी की पर आरोपियो द्वारा वहॉ पर भी जान से मारने की नियत से पुलिस पर फायर किया गया एवं खडावदा ग्राम होते चंबल नदी की तरफ भाग गये। अन्य थानों का फोर्स एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी सूचना मिलने पर पहुंचे। आरोपी चंबल नदी पर गाड़ी से निकलने पर उनको सरेंडर की कहा गया तो वहां भी अरोपियो द्वारा जान से मारने की नियत से सामने फायर किया। फिर आरोपी चंबल नदी की तरफ जाकर एक छोटे टापू पर चढ गये। उसके बाद गांधी सागर मछली ठेकेदार की स्पीड बोट बुलवाई गई तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियो द्वारा आरोपियो को पुलिस वाहनो के पीए सिस्टम से लगातार दोनो व्यक्तियों को सरेंडर करने हेतु बाहर आने हेतु बताया पर वो नही आये। फिर एक स्पीड बोट मे उनि मूलचंद धाकड मय फोर्स व एक बोट पर उनि समरथ सीनम व उनि लखनसिंह राजपूत बैठ कर दोनो व्यक्तियों को पकडने के लिये टापू के पास बोट लेकर गये। उन पर भी आरोपियो द्वारा जान से मारने की नियत से फायर किया गया। वहां दोनो बदमाशो को चारो तरफ से घेर लिया गया। भारी पुलिस बल एवं चारो तरफ से घेरा डालकर आरोपियो को बमुश्किल पकड़ा गया। पुलिस को देखकर भागने एवं फायर करने का कारण पुछने पर पंजाब में हत्या करके फरार होने तथा पुलिस को देखकर गिरफ्तारी के डर से भागना एवं पुलिस पर फायर करना बताया। उनके पास से 03 पिस्टल एवं 101 जिंदा कारतूस व चले हुए खाली खोखे जप्त किये गये। थाना गरोठ पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना पूर्ण कर उपनिरीक्षक राकेश चौधरी द्वारा चालान न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपियो को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री रमेश गामड द्वारा किया गया।

विस चुनाव: इतनी महंगाई में कैसे पूर पड़ेगा रे बाबा!

चार विधानसभा में 8 करोड़ से ज्यादा होंगे खर्च, तय सीमा 40 लाख

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। इतनी महंगाई में कैसे पूर पड़ेगा रे बाबा... शायद खर्च की सीमा 40 लाख देखकर निर्वाचन आयोग से मन ही मन यही कह रहे होगे उम्मीद्वार। अनुमान है कि जिले में मतदान के दिन 17 नवबर तक 8 करोड़ रुपए से ज्यादा रूपया बाजार में आएगा। ये वो रूपया है जो राजनीतिक दल चुनाव में विजय श्री हासिल करने के लिए खुलकर खर्च करेंगे। यूं तो चुनाव आयोग ने प्रति उम्मीदवार 40 लाख रुपए की खर्च सीमा तय कर रखी है। लेकिन, प्रत्याशियों से लेकर पार्टियां चुनाव में बेहिसाब धन बल का उपयोग करती है। कुछ ऐसे भी नेता हैं जो टिकट घोषित होने से पहले ही शक्ति प्रदर्शन के नाम पर मोटी रकम खर्च कर चुके हैं। अब चुनावी सभा, प्रचार-प्रसार और मतदाताओं को लुभाने के लिए पैसा खर्च करने से चुनावी प्रसार सामग्री के बाजार में बूम आएगा।

ऐसे समझो खर्च का गणित...

मंदसौर जिले में चार विधानसभा है- मंदसौर, गरोठ, सुवासरा और मल्हारगढ़। कांग्रेस भाजपा की बात करें तो उम्मीद्वार की संख्या है आठ। चुनाव आयोग के मापदंड के अनुरूप ये प्रत्याशी कुल 3 करोड़ 20 लाख रुपए खर्च कर सकेंगे। जबकि, कम से कम 1 करोड़ रुपए प्रति उम्मीदवार भी खर्च माना जाए तो यह राशि 8 करोड़ रुपए होती है। वैसे चुनावी राजनीति के जानकारो की माने तो चारो विधानसभा में उम्मीदवार कितना भी दम लगाए। लेकिन, कम से कम 2 से 5 करोड़ रुपए तक खर्च होते है। वहीं अन्य दल और निर्दलीय उम्मीदवारों का कुल खर्च करीब एक करोड़ रुपए तक जाएगा। इससे चुनावी खर्च का आंकलन किया जा सकता है।

ये भी है भारी भरकम खर्च

चुनाव वाले दिन प्रत्येक बूथ पर बैठने वाले कार्यकर्ता को ही औसत 5 हजार रुपए खर्च देना होता है।

जिले की चारों विधानसभा में कुल 1133 मतदान केंद्र है। दोनों ही दल यदि अपने 2-2 प्रतिनिधि को यहां बैठाता है तो केंद्रों पर कुल 4532 कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगेगी। प्रत्येक कार्यकर्ता पर 5 हजार रुपए खर्च के हिसाब से आंकडा करीब 4 करोड़ 52 लाख से ज्यादा हो जाता है।

आयोग तय करता है अपना हिसाब-किताब...

चुनाव आयोग उम्मीदवारों द्वारा दी गई खर्चो की लिस्ट अपने हिसाब से तैयार की जाती है। इस लिस्ट में चुनाव प्रचार के दौरान चाय, कॉफी, समोसा, रसगुल्ला, आइसक्रीम समेत प्रत्येक सामान के रेट तय किए जाते हैं। ये खर्चा उम्मीदवार के खाते में जोड़ा जाता है। चुनाव आयोग प्रचार सामग्री और सभा में काम आने वाले सामान की भी कीमत निर्धारित करता है। आयोग अपनी रेट लिस्ट के अनुसार ही उम्मीदवार के खर्चे का आकलन करेगा।

बाजार में ये हैं इलेक्शन इफेक्ट...

मौसमी रोजगार मिलेगा: चुनावी खर्चे से मौसमी तौर पर रोजगार का सृजन भी हुआ है। जैसे हलवाई, होटल, रेस्टोरेंट और ढाबे वालों को रोजाना कार्यकर्ताओं के लिए भोजन का ऑर्डर मिल रहा है। मजदूरों को भी अतिरिक्त काम मिल गया है।

ट्रांसपोर्ट कारोबार में उछाल: पार्टियों के लिए वाहन की व्यवस्था कर रहे हैं। बड़ी सभाओं में कार्यकर्ताओं को लाने ले जाने के लिए भी वाहनों की आवश्यकता होगी।

होर्डिंग और बैनर की डिमांड: यूं तो बड़े राजनीतिक दलों की प्रचार सामग्री पार्टी से ही उपलब्ध कराई जा रही है, इसके बावजूद जिले में बैनर-पोस्टर व होर्डिंग बनाने वालों को स्थानीय स्तर पर राजनीतिक दल काम दे रहे हैं। निर्दलीय प्रत्याशियों को इनके पास ही अपनी प्रचार सामग्री प्रिंट करवानी होगी।

टेंट और लाइट कारोबार: टेंट, लाइट और साउंड वालों का भी काम बढ गया है। चूंकि अभी देव प्रबोधिनी एकादशी तक शादी ब्याह जैसे शुभ कार्य बंद है, ऐसे में टेंट, लाइट और साउंड वाले भी खाली ही बैठे थे। उन्हें अच्छा काम मिल गया है।

आइटी प्रोफेशनल की पूछपरख: अभी आईटी प्रोफेशनल को भी काम मिल रहा है। क्योंकि प्रचार-प्रसार का काम काफी हाईटेक हो गया है।

चुनाव में इन खर्चों का नहीं होगा बहीखाता

- मंदसौर जिले में नेता बडे पैमाने पर शराब बांटते हैं। इसका कोई हिसाब किताब नहीं रहता।
- गांवों में मतदाताओं में प्रभुत्व रखने वालों को सेट करने के लिए कुछ न कुछ किया जाता है।
- खाने-पीने मतलब चिकन मटन पर भी बड़ी रकम खर्च होती है। गांवों में तो चुनाव तक रात-रात भर पार्टियां चलती है।

करवा चौथ के लिए- भारतीय संस्कृति के सबसे प्रमुख त्यौहारों में से एक करवा चौथ आने वाली है। इसके लिए शहर के फूटपाथ पर दुकाने सजने लगी है।

आठ दिन पहले पकड़ा था खाद से भरा ट्रक, लेबोरेटरी में नकली मिली

उज्जैन जिले के चार लोगों पर प्रकरण दर्ज, 100 बेग नकली खाद बरामद

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। दलौदा थाना पुलिस ने करीब 8 दिन पहले एक ट्रक से 100 बेग से बगैर बिल और बिल्टी का खाद बरामद किया था। जो लेबोरेटरी टेस्टिंग में नकली मिली। अब कृषि विभाग के आवेदन पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

जिला कृषि विभाग अधिकारी अजीत सिंह ने बताया करीब 8 दिन पहले दलौदा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक क्रमांक एमपी 13 जीए 4891 को रोककर तालाशी ली। ट्रक से डीएपी इफ्को उर्वरक के 50 किलो भर्ती वाले 100 बेग मिले थे। चालक के पास उर्वरक के बिल और बिल्टी नहीं मिली। इसके बाद ट्रक जब्त कर उर्वरक के नमूने जांच के लिए सहायक रसायन प्रयोगशाला उज्जैन भेजा था।

लेब से आई जांच रिपोर्ट में उर्वरक अमानक पाया गया। जब्त डीएपी खाद की कीमत 1 लाख 35 हजार रुपए बताई गई। ट्रक के साथ पायलेटिंग कर रही एक कार एम पी 43 सी 0768 को भी जब्त किया गया है। इसके बाद दलौदा थाना पुलिस ने सुभाष पिता रमेशचन्द्र कचनारिया (38) निवासी माकडौन जिला उज्जैन, होकम सिंह पिता नारायण सिंह निवासी घोसला महिदपुर, नितेश पिता बनेसिंह चौधरी निवासी जगोटी थानां राघवी जिला उज्जैन और यशवंत सिंह निवासी आगर मालवा के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया।

दलौदा क्षेत्र में खपाते थे नकली खाद...

ड्रायवर सुभाष पिता रमेश चन्द्र उम्र 38 वर्ष निवासी कचनारीया ने पुलिस पूछताछ में बताया की उक्त 100 बोरी डीएपी खाद हाकमसिहं पिता नारायण सिहं निवासी घटिया घोसला के कहने पर आगर मालवा उज्जैन रोड पुराने टोलटेक्स के पास विद्युत मंडल की ग्रीड के पास से भरकर दलौदा आये थे और दलौदा व आसपास के इलाके मे चौराहो पर जाकर किसानो को बेचते थे। हाकमसिहं पिता नारायणसिहं निवासी घटिया तथा नितेश पिता बनेसिहं चोधरी निवासी जगोटी दोनो हाकमसिहं की मारुती अल्टो कार नम्बर एमपी 43 सी 0768 से पायलेटींग कर रहा था। उर्वरक यदि किसानो को विक्रय कर दी जाती तो उक्त उर्वरक से उनकी फसल एवं कृषि भूमि तक प्रभावित होकर आमजन पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ता।

ग्यारह फीट लंबे अजगर का रेस्क्यू

डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आया काबू, जंगल में छोड़ा

मनासा, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। उपवन मंडल क्षेत्र मनासा के गांव सेमली ईस्तमुरार में उस समय हड़कंप मच गया, जब देर रात एक खेत पर विशालकाय अजगर होने की जानकारी मिली। इसके बाद वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने करीब डेढ़ घंटे मशक्कत कर अजगर का रेस्क्यू कर उसे वन अभ्यारण क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया।

घटना रविवार देर रात की है। जब उपवन मंडल अधिकारी मनासा आरआर परमार एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी शाश्वत द्विवेदी को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सेमली ईस्तमुरार में श्याम दास बैरागी के खेत पर बने हुए कुए के पास एक विशालकाय अजगर है। जिस पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और 11 फीट लंबे व 25 किलो वजनी अजगर का रेस्क्यू किया गया। जिसे बाद में वन अभ्यारण क्षेत्र में छोड़ दिया गया है। रेस्क्यू टीम में प्रभारी सीके वर्मा, बीट प्रभारी महेश पाटीदार, प्रेम सिंह गौड मौजूद रहे। साथ ही ग्रामीणों ने भी रेस्क्यू में वन विभाग टीम की मदद की।

फलों को पछाड़ता प्याज का भाव

सब्जी में तड़के की कीमत 80 रूपए किलो तक पहुंची

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। चुनावी माहौल में प्याज भी इतराने लगा है। एक पखवाड़े पहले जो प्याज 15 रुपए किलो बिक रहा था। जिसे कुछ माह पहले किसान फेंककर जा रहे थे। उसकी कीमत आज 75 से 80 रुपए किलो हो गई है। थोक मंडी में कश्मीरी सेब 80 रुपए किलो है तो खुदरा बाजार में प्याज भी 80 रुपए किलो बिक रहा है। जबकि, हल्की क्वालिटी की सेब तो थोक मंडी में 40 से 50 रुपए किलो में ही उपलब्ध है। दिवाली तक सेव और सस्ता हो जाएगा। जबकि, प्याज की कीमतें और चढ़ने की संभावना बताई जा रही है।

के दाम अच्छे मिल रहे है। इससे लाभ मिल रहा है। इसी वर्ष मार्च-अप्रैल माह में मंदसौर मंडी में प्याज के दाम एक-दो रुपये किलो तक पहुंच गए थे, 60 पैसे प्रति किलो में प्याज नीलाम होने पर उस समय कुछ किसान प्याज के ढेर मंडी में ही छोड़ गए थे। किसानों ने बताया कि प्याज के दाम बढ़ने से अब लाभ भी मिल रहा है और लागत भी निकल रही है।

दिवाली बाद मिलेगी राहत...

मंदसौर मंडी व्यापारियों के अनुसार प्याज की मांग बेहतर बनी हुई है। मंदसौर से प्याज ओडिशा, पंजाब, दिल्ली सहित अन्य राज्यों में जाता है। मालवा के प्याज की मांग अभी अधिक बनी हुई है। मंडी में मंदसौर जिले के साथ ही नीमच, रतलाम, देवास, उज्जैन सहित अन्य दूर-दराज क्षेत्रों से भी किसान उपज लेकर आते हैं। रबी सीजन की प्याज तैयार होने में करीब-करीब डेढ से दो माह का वक्त है। हालांकि, दिवाली बाद कर्नाटक, राजस्थान से प्याज आने लगेंगे। जिससे प्याज सस्ते होने की संभावना है।

दामों में बढ़ोतरी होते ही लाल सोना यानी प्याज की आवक तेज हो गई है। इसके साथ ही उपज के दामों में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। मंडी में प्याज के दाम न्यूनतम 2000 और अधिकतम 5100 रुपये प्रति क्विंटल तक किसानों को मिले। दामों में बढ़ोतरी होने से किसान खुश है। किसानों का कहना है कि प्याज

सरकार कर रही भाव नियंत्रण के प्रयास...

थोक और खुदरा दोनों बाजारों में सरकार बफर स्टॉक से प्याज उतार रही है। अगस्त के मध्य से 22 राज्यों में लगभग 1.7 लाख टन प्याज भेजा गया। इसे एनसीसीएफ और नेफेड के बिक्री केन्द्रों पर 25 रुपए प्रति किलो की रियायती दर पर बेचा जा रहा है।

ऐसे बढ़े प्याज के भाव...

1 अक्टूबर	15 रुपए
10 अक्टूबर	35 रुपए
20 अक्टूबर	50 रुपए
29 अक्टूबर	80 रुपए

आचार संहिता की सख्ती के बाद भी हथियार की नोक पर वारदात....

फायरिंग कर ट्रेक्टर और मोबाईल लूटे, एक की मौत

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। आचार संहिता में बार्डर पर चेकिंग की जा रही है। नकदी और सोने-चांदी, नकली खाद पकड़े जा रहे हैं। इधर जिले और जिला मुख्यालय पर गोलियां चल रही है। बदमाश हथियार लेकर घूम रहे हैं। आचार संहिता की सख्ती के बाद भी जिले में हथियार की नोक पर दो वारदातें हो गई। एक मामले में हथियार के साथ आए बदमाशों ने किराना व्यापारी को धमकी दी तो दूसरे मामले में बदमाश फायरिंग कर ट्रैक्टर और मोबाइल छीन गए। घायल ट्रैक्टर चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। एक ही दिन में हुई दोनों घटनाओं के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार रविवार की रात नाहरगढ थाना क्षेत्र में ट्रेक्टर से घर जा रहे एरा निवासी ट्रेक्टर चालक भंवरनाथ पिता गिरधारी नाथ उम्र 40 साल ट्रैक्टर लेकर घर लौट रहा था। इसी दरमियान धाकड़ पिपलिया और एरा गांव के बीच बाइक से आए दो बदमाशों ने फायरिंग कर उसे घायल कर दिया और ट्रैक्टर व मोबाइल छीन कर फरार हो गए। देर रात घायल को मंदसौर के बड़े अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे राजस्थान के उदयपुर ले गए, जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ट्रैक्टर मालिक गोपाल लोहार के मुताबिन भंवरलाल उसका ट्रैक्टर चलाता है। वह रविवार की शाम को घर आ रहा था, तभी बाइक पर आए बदमाशों ने फायर कर चालक को घायल कर दिया और ट्रैक्टर लूट कर फरार हो गए। फायरिंग में घायल के रीढ की हड्डी में गोली फंसी हुई थी। परिजन उसे उदयपुर लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दरमियान उसकी मौत हो गई। उधर दूसरी घटना में मंदसौर शहर के तिरुपति नगर में संघवी किराना दुकान के संचालक को कार से आए तीन-चार बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर धमकाया। मामले में कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।

ऋषियानंद नगर से लापता नाबालिग गुजरात से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। ऋषियानंद नगर से अपहृत नाबालिग को वायडी नगर पुलिस ने गुजरात के राजकोट से दस्तयाब किया है। मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं नाबालिग को परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

वायडी नगर पुलिस ने बताया कि 21 अक्टूबर को ऋषियानंद नगर पांच सौ क्वार्टर निवासी एक महिला ने घर से नाबालिग बालिका के गुमशुदा होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु की। इसके बाद मुखबीरों और रिश्तेदारों से जानकारी निकालने पर नाबालिग को गुजरात के राजकोट से दस्तयाब किया गया। अपहरण करने वाले दीवान पिता नानसिंह भील निवासी मुल्तानपुरा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अपहृत को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

अंतिम दिन जिले में जमा हुए 28 नाम निर्देशन पत्र

मंदसौर में 7, मल्हारगढ़ में 5, सुवासरा में 11, गरोठ में 5 लोगों ने जताई उम्मीदवारी

मंदसौर विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी विपीन जैन और यशपाल के नाम की चर्चा, कुल 39 लोगों ने चुनाव लड़ने के लिए खम्ब ठोका

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित विधानसभा निर्वाचन-2023 कार्यक्रम के तहत मंदसौर जिले में 30 अक्टूबर तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये गये। मंदसौर जिले में सोमवार को 28 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए। इनमें मंदसौर में यशपाल और विपीन जैन निर्दलीय के नामांकन भी शामिल है। शुरुआत से लेकर अंतिम दिवस तक मंदसौर जिले में 39 लोगों ने खम्ब ठोक कर अपनी उम्मीदवारी जाहिर की है।

जिसमें **मंदसौर** विधानसभा-224 में श्री मुरलीधर पिता बंशीलाल चिचानी, श्री विपीन कुमार जैन पिता सुभाषचंद्र जैन, श्री परमानंद पिता शिवराम पाटीदार, श्री विपीन जैन पिता बाबुलाल जैन, श्री असलम खान पिता सगीर खान, श्री राकेश पिता माधुलाल, श्री यशपाल गायरी पिता बाबुलाल, **मल्हारगढ़** विधानसभा - 225 में श्री जगदीश देवडा पिता गेंदालाल, श्री लालचंद पिता फकीरचंद मेघवाल, श्री परशुराम पिता मोहनलाल सिसोदिया, श्री श्यामलाल पिता नंदराम, श्री सुरेश पिता रामचंद्र, **सुवासरा** विधानसभा- 226 में श्री कैलाशचंद्र पिता गोवर्धनलाल, श्री हरदीप सिंह डंग पिता शरण सिंह डंग, श्री शाहिद खान पिता शहजाद खान, श्री शांतिलाल पिता मांगीलाल, श्री राकेश पाटीदार पिता बंशीलाल पाटीदार, श्रीमती पूजा पति राकेश कुमार, श्री अर्जुन सिंह पिता रुगनाथसिंह, श्री नाहरू मेवाती पिता नूरमोहम्मद, श्री फिरोजउद्दीन पिता मन्नू खां, श्री राकेश पिता मोहनलाल, श्रीमती असमीत कौर पति हरदीप सिंह डंग एवं **गरोठ** विधानसभा- 227 में श्री फूलचंद पिता रामप्रताप, श्री प्रहलादसिंह पिता चंदरसिंह, श्री जगदीश पिता शालगराम, श्री सुरेश पिता मदनलाल, श्री अहसास पिता हसन खां द्वारा नाम निर्देशन पत्र जमा किये गये। 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र वापसी की अंतिम तारीख 02 नवंबर नियत की गई है। 17 नवंबर को मतदान होगा। मतगणना 03 दिसंबर को होगी।

चुनाव विशेष: दुष्प्रचार करने वालों को भेजेंगे जैल

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज, अफवाह या दुष्प्रचार कानून व्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। सोशल साइट्स के बढते क्रेज में छोटी-छोटी सूचनाएं भी पलक झपकते जन-जन तक पहुंचती है। सूचनाओं के प्रसार के इन माध्यमों का जितना असर पॉजीटिव होता है तो उससे कहीं अधिक निगेटिव भी है। इधर कई फितरती इस तरह की खबरें या पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल करने से बाज नहीं आ रहे। हालांकि निर्वाचन आयोग भी सख्त नजर आ रहा है। आयोग ने फेक न्यूज की निगरानी के लिए विशेष दल तैयार कर रखा है। इसके अंतर्गत जिलों में तो निगरानी अधिकारी तैनात रहेंगे ही। आयोग स्तर पर तैनात अमला फेंक न्यूज या दुष्प्रचार से संबंधित सोशल साइट के पोस्ट जमा करेंगे।

सजा के प्रावधान...

फेक न्यूज को लेकर कुछ सजा के भी प्रावधान हैं। इसके अंतर्गत आने वाले मामलों में 3 साल तक कैद की सजा भी हो सकती है। सोशल मीडिया में गलत जानकारी तैयार करना तो अपराध में आता है, साथ ही इसको फैलाने में सहयोग करने वाले भी समान रूप से अपराधी होते हैं। भादंवि धारा .... शेष पेज 4 पर

विचार-मंथन

भारत को कूटनीतिक प्रयास करने की जरूरत

कतर की अदालत द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अधिकारियों को फांसी की सजा सुनाए जाने को लेकर भारत सरकार की चिंता स्वाभाविक है। ये सभी अधिकारी कतर की एक निजी नौसेना कंपनी में नौकरी करने गए थे। वह कंपनी कतर की नौसेना को प्रशिक्षण देती है। मगर पिछले साल कतर पुलिस ने इन अधिकारियों को इस आरोप में गिरफ्तार कर लिया कि वे इजराइल के लिए कतर की पनडुब्बी परियोजना की जासूसी कर रहे थे। इन्होंने कई बार जमानत की अर्जी लगाई, मगर हर बार उसे खारिज कर दिया गया। अब वहां की अदालत ने इन अधिकारियों को फांसी की सजा सुना दी है। भारत सरकार का कहना है कि वह उनके परिजनों से लगातार संपर्क में है और कतर में उन्हें जो भी राजनयिक मदद मुहैया कराई जा सकती है, सब कराई जाएगी। हालांकि कतर की तरफ से इन अधिकारियों के संबंध में भारत को कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। कतर की अदालत के इस फैसले को लेकर स्वाभाविक ही तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग के बीच इस फैसले को भारत के विरुद्ध बदले की भावना से उठाए गए कदम के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ लोग इसमें पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ की साजिश भी मान रहे हैं। कतर कट्टर इस्लामिक देश है। आपराधिक मामलों को लेकर वहां के कानून बेहद सख्त हैं। जासूसी के लिए वहां के कानून के मुताबिक फांसी की सजा मुकर्रर है। अब भारत सरकार का नैतिक दायित्व है कि वह अपने नागरिकों के बचाव में अंतरराष्ट्रीय अदालत में अपील करे। हालांकि यह कोई पहला या अनोखा मामला नहीं है। ज्यादातर देश अपने यहां काम कर रहे विदेशी नागरिकों को शक की नजर से देखते हैं। खासकर दुश्मन देश के नागरिकों पर जासूसी का आरोप लगा कर सजा सुनाने के मामले अक्सर सामने आ जाते हैं। पाकिस्तान कई बार भारतीय नागरिकों को जासूस बता कर सजा सुना चुका है, मगर भारत सरकार ने उससे निपटने की हर कोशिश की है। हालांकि कतर के साथ भारत के वैसे संबंध नहीं हैं, जैसे पाकिस्तान से हैं। कतर की कुल आबादी का करीब एक चौथाई हिस्सा भारतीय नागरिकों का है, जो वहां काम करते हैं। कतर भारत का सबसे बड़ा गैस निर्यातक है। इस तरह दोनों के बीच कभी कोई तल्खी भी नहीं देखी गई। मगर हाल के कुछ वर्षों में जैसी स्थितियां बनी हैं और इजराइल से भारत की नजदीकी बढ़ी है, उसमें कतर का रुख कुछ बदला हुआ नजर आने लगा है। कतर फिलिस्तीन का समर्थक है और इजराइल उसे फूटी आंखों नहीं सुहाता। वह इस्लाम के विरुद्ध किसी भी कदम को बर्दाश्त नहीं करता। ऐसे में जब भारत ने हमास के हमले की निंदा की, तो उसे नागवार गुजरा होगा। फिर मध्यपूर्व से होकर भारत के व्यापारिक मार्ग खुलने को लेकर भी वह नाखुश रहता है। पाकिस्तान से उसकी काफी नजदीकी है। इसलिए पाकिस्तान के उकसावे के कयास को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता। मगर इन कयासों के आधार पर कतर की नीयत को लेकर कोई दावा करना जल्दबाजी होगी। भारत फिलिस्तीनी संप्रभुता की वकालत करते हुए वहां आपदा राहत सामग्री भेज चुका है। फिलहाल भारत के सामने प्रमुख समस्या है कि वह कैसे अपने नागरिकों को फांसी की सजा से बचाए। इसके लिए कूटनीतिक प्रयासों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय अदालत में भी पुरजोर तरीके से अपना पक्ष रखना पड़ेगा।

रामलला वहीं विराजेंगे और तब चुनाव होगा!

अजीत द्विवेदी



अयोध्या में बन रहे भव्य राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि आधिकारिक रूप से निर्धारित हो गई। अगले साल 22 जनवरी को दिन में साढ़े 12 बजे रामलला मंदिर में विराजेंगे और इसके साथ ही भाजपा के चार दशक से चल रहे अभियान का समापन होगा। कोई चार दशक पहले विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के साथ मिल कर भाजपा ने 'सौगंध राम की खाते हैं हम मंदिर वहीं बनाएंगे' का नारा दिया था। इस नारे को लेकर भाजपा और विहिप की बड़ी आलोचना होती थी। कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता तंज करते थे कि 'मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे'। लेकिन अब मंदिर भी बन रहा है और तारीख भी तय हो गई है। सो, इसके आगे क्या? इसके आगे लोकसभा का चुनाव है! 10 दिन चलने वाले भव्य समारोह में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी और उसके साथ ही लोकसभा चुनाव का बिगुल बज जाएगा। यह भी कह सकते है कि रामलला के विराजने की घोषणा के साथ ही चुनाव का बिगुल बज गया है और यह भी तय हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव का मुख्य एजेंडा अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण होगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होने का न्योता देने गए उससे एक दिन पहले यानी 24 अक्टूबर को विजयादशमी के मौके पर राजधानी दिल्ली के द्वारका इलाके में प्रधानमंत्री मोदी ने रावण दहन से पहले अपने भाषण में कहा- आज हमें सौभाग्य मिला है कि हम भगवान राम का भव्यतम मंदिर बनता देख पा रहे हैं। अयोध्या की अगली रामनवमी पर रामलला के मंदिर में गूंजा हर स्वर, पूरे विश्व को हर्षित करने वाला होगा। वो स्वर जो शताब्दियों से यहां कहा जाता है- भय प्रगट कृपाला, दीनदयालाऽकौसल्या हितकारी। मोदी ने आगे कहा- भगवान राम की जन्मभूमि पर बन रहा मंदिर सदियों की प्रतीक्षा के बाद हम भारतीयों के धैर्य को मिली विजय का प्रतीक है। राम मंदिर में भगवान राम के विराजने को बस कुछ महीने बचे हैं। भगवान श्री राम बस, आने ही वाले हैं। और साथियों, उस हर्ष की परिकल्पना कीजिए, जब शताब्दियों के बाद राम मंदिर में भगवान राम की प्रतिमा विराजेगी। यह महज संयोग नहीं था कि विजयादशमी पर प्रधानमंत्री ने यह भाषण दिया और उसके अगले दिन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी उनको न्योता देने पहुंचे। इसी तरह यह भी संयोग नहीं था कि प्रधानमंत्री के भाषण से कई घंटे पहले नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विजयादशमी रैली में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी राममंदिर निर्माण का जिक्र किया और कहा- अयोध्या में भगवान राम 22 जनवरी 2024 को मंदिर में प्रवेश करने वाले हैं। गर्भगृह में रामलला का अभिषेक किया जाएगा। उद्घाटन के दिन वहां हर किसी का पहुंच पाना संभव नहीं हो पाएगा। इसलिए जो जहां है, वहीं के राम मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन करे। यह हर दिल में मन के राम को जगाएगा और मन के अयोध्या को सजाएगा। समाज में स्नेह, जिम्मेदारी और सद्भावना का माहौल बनाएगा। सोचें, संघ प्रमुख मोहन भागवत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों ने विजयादशमी के भाषण की मुख्य थीम के तौर पर अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने सदियों की प्रतीक्षा के बाद रामलला के अपने जन्मस्थान पर बने मंदिर में विराजने की बात कही। यह अपने आप में इस बात का संकेत है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार अभियान का मुख्य एजेंडा राम मंदिर होने वाला है। असल में अपने स्थापना के समय से भाजपा के लिए राष्ट्रवाद और हिंदुत्व का मुद्दा मुख्य रहा है। इसमें राष्ट्रवाद का प्रतीक मुद्दा जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करना और हिंदुत्व का प्रतीक मुद्दा अयोध्या में राममंदिर का निर्माण था। भाजपा की सरकार ने ये दोनों काम कर दिए। राम मंदिर का निर्माण भले सुप्रीम कोर्ट के आदेश से हुआ है लेकिन यह आम धारणा है कि केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो यह मंदिर बना और हिंदुओं की सदियों की प्रतीक्षा समाप्त हुई। ध्यान रहे जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनी थी और मंदिर निर्माण की दिशा में कोई पहल नहीं हुई तो भाजपा की ओर से यही कहा जाता था कि पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी तभी मंदिर बनेगा। सो, पूर्ण बहुमत की सरकार बनी और अयोध्या में मंदिर बन गया। इससे व्यापक हिंदू समाज में यह धारणा बनेगी कि क्या पता फिर पूर्ण बहुमत की सरकार बने तो काशी और मथुरा में भी हिंदुओं की सदियों की कथित प्रतीक्षा पूरी हो जाए! हो सकता है कि कई मुद्दों पर नरेंद्र मोदी सरकार से लोगों की नाराजगी हो। लोगों का मोहभंग भी हुआ हो। अपनी निजी परेशानियों के चलते सरकार बदलने का भाव भी मन में हो। लेकिन अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का संकल्प पूरा करके भाजपा व्यापक हिंदू समाज में एक बार फिर से भरोसे का भाव पैदा कर सकती है। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता है कि इससे भाजपा एक बार फिर पूर्ण बहुमत हासिल करके चुनाव जीत जाएगी। लेकिन अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा व्यापक हिंदू समाज के अवचेतन में भाजपा के प्रति सद्भाव बनाने वाला होगा। लोगों के दिल-दिमाग में इस बात को गहरे तक बैठाने के लिए अन्य अनेक जतन किए जा रहे हैं। देश और पूरी दुनिया से साधु-संत और श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। अयोध्या के साथ साथ पूरे देश में 10 दिन तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह चलेगा। अयोध्या के विकास पर सरकार 30 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है। भगवान राम के नाम पर नया हवाईअड्डा बन रहा है और पूरी अयोध्या की ऐसी झांकी सजाई जा रही है कि उसकी चकाचौंध में बाकी तमाम चीजें ढक जाएंगी। यह सही है कि शुरू के एक या दो चुनाव को छोड़ कर अयोध्या के मसले पर भाजपा को ज्यादा राजनीतिक फायदा नहीं हुआ। वह उत्तर प्रदेश के चुनाव नतीजों में बार बार दिखा भी। लेकिन इसमें कोई संदेह नही है वहां भव्य मंदिर का निर्माण और रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हिंदू भावनाओं को उद्वेलित करने वाली होगी।

युद्ध नीति और कूटनीति सिक्के के दो पहलू

पूरन चंद सरीन

यदि लड़ाई न होने देना है, शांति बनाए रखनी है और किसी बात को लेकर या बिना बात संघर्ष की स्थिति से अपने को बचाए रखना है तो इसके लिए कूटनीति अर्थात् बातचीत की प्रक्रिया का इस्तेमाल किसी भी संकट से निपटने के लिए किया जाता है। 2 महायुद्ध देखने और हमेशा तीसरे के होने की आशंका से ग्रस्त विश्व को इससे राहत मिल सकती है। अब लड़ाइयां पहले जैसी नहीं होतीं कि एक बार में शत्रु का सफाया किया और अपना कब्जा कर लिया। अब चाहे कोई देश कितना भी ताकतवर हो, कितने ही दावे कर ले कि बस कुछ ही घंटों, दिनों या हफ्तों में शत्रु को समाप्त कर युद्ध रोक देगा, अब संभव नहीं है। पहले से चल रहे युद्ध और अब रूस-यूक्रेन और इसराईल-हमास यानी फिलिस्तीन के बीच हो रहे संघर्ष के समाप्त होने के न कोई आसार हैं और न ही इस बात की गारंटी कि किसी तीसरी शक्ति के हस्तक्षेप से युद्ध रुक सकता है, शांति स्थापित हो सकती है। प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब यह पता है कि युद्ध के परिणाम भयावह होते हैं, दोषी हो या निर्दोष मृत्यु का तांडव होना तय है, नरसंहार होना ही होना है, पुरुषों सहित स्त्रियों और बच्चों को निराश्रित, अनाथ और असहाय होने से रोकना असंभव है तो फिर युद्ध न होने देने के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक उपाय, संधियां तथा समझौते करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप क्यों नहीं दिया जाता? ताकत दिखाने, अधिकार जमाने की मनोवृत्ति = लगभग एक शताब्दी पहले महान वैज्ञानिक आइन्स्टीन और प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक सिगमंड फ्रायड के बीच एक संवाद हुआ था। आइंस्टीन ने पूछा था कि मनुष्य की अधिकार अर्थात् यह मेरा है की प्रवृत्ति और उसके लिए दोनों के बीच संघर्ष अर्थात् युद्ध से बचने का क्या कोई तरीका है ताकि मानवता को युद्ध के खतरे से मुक्त रखा जा सके? क्या मनुष्य के अंदर जो अपना आधिपत्य या साम्राज्य विस्तार की महत्वाकांक्षा है, उसे मानवता की सहायता करने की तरफ मोड़ा जा सकता है? फ्रॉयड विस्तार से इसका जवाब दिया = प्रभुत्व और अधिकार के बीच क्या संबंध है? प्रभुत्व एक प्रकार से हिंसा का दूसरा नाम है और अधिकार उसी में से निकला है। वास्तविकता यह है कि मनुष्यों के बीच उनके हितों के टकराव को हिंसा से ही सुलझाया जाता है। यही पशु समुदाय की प्रवृत्ति है। वे भी अपने झगड़ों को हिंसा से ही सुलझाते हैं। इसलिए इस मामले में मनुष्य उनके जैसा ही है। अब बात आती है कि मनुष्य की सोचने, समझने, अपने विचार रखने की प्रकृति है। कई बार जोर जबरदस्ती अपनी बात मनवाने और जो नहीं माने तो उसे असहाय और असमर्थ कर देने या हत्या करने की प्रवृत्ति होती है, उसे कैसे बदला जाए? ताकत का इस्तेमाल हमेशा से किसी चीज को हासिल करने में होता रहा है। जिसके पास जितने आधुनिक और विनाशक शस्त्र होते हैं वह उतना ही हिंसक और क्रूर होता है। इनका इस्तेमाल दुनिया पर राज करने, अपने साम्राज्य का विस्तार करने में होता है। पहले जमाने में शत्रु को मारने के स्थान पर उसे अपना गुलाम बनाया जाना अधिक बेहतर लगा और हिंसा का रूप बदला लेकिन मूल प्रवृत्ति वही रही कि दूसरों पर राज करना है। यह सब जानते हैं कि किसी को भी लड़ने के लिए उकसाना बहुत आसान है अर्थात् मनुष्य को युद्ध का बुखार चढ़ाना और उसके अंदर नफरत करने और विनाश की ओर बढ़ने की स्वाभाविक वृत्ति का लाभ उठाकर अपने मनमुताबिक व्यवहार करा लेना कठिन नहीं है। बस इसे एक चिंगारी चाहिए, यह मिलते ही वह विध्वंसक हो जाता है, सब कुछ नेस्तनाबूद कर देना चाहता है और अपने शत्रु का अस्तित्व ही मिटा देना चाहता है। आइंस्टीन का प्रश्न यही था कि क्या मनुष्य की इस प्रवृत्ति को जन कल्याण की ओर मोड़ा जा सकता है।

आजम खान ने अखिलेश की लाज रख ली, अजय राय का प्लान चौपट कर दिया

कांग्रेस नेता अजय राय ने यूपी में अखिलेश यादव को घेरने की जो प्लानिंग की थी, उसे आजम खान ने चौपट कर दिया। सीतापुर जेल में बंद आजम कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय से नहीं मिले। अगर यह मुलाकात हो जाती तो यूपी की राजनीति में कानाफूसी होती तो नुकसान अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी को होता। समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला के साथ जेल में हैं। बेटे अब्दुल्ला आजम के फर्जी प्रमाण पत्र के मामले में आजम फैमिली को सजा सुनाई गई है। कभी यूपी के सबसे ताकतवर मंत्री रहे आजम खान को लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच राजनीति शुरू हो गई है। यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय सीतापुर जेल में बंद आजम खान से मुलाकात करना चाहते थे, जो हो नहीं सका। सपा नेता आजम खान ने अजय राय से मिलने से इनकार कर दिया। आजम खान की तरफ से कहा गया कि वह किसी राजनेता से नहीं मिलना चाहते हैं। जेल प्रशासन ने भी नियमों का हवाला देते हुए आजम खान से मुलाकात पर रोक लगा दी। जेल मैन्युअल के मुताबिक, आजम खान सप्ताह में सिर्फ एक व्यक्ति से मुलाकात कर सकते हैं। इस सप्ताह वह अपने बेटे अदीब से मिल चुके हैं। खैर आजम और अजय राय की मुलाकात टल गई, मगर यूपी की राजनीति में बवाल खड़ा हो गया। मुस्लिम समुदाय की राजनीति करने वाले आजम खान अचानक उसी राजनीति के शिकार बन गए। समाजवादी पार्टी के सबसे सशक्त, चर्चित और रसूखदार मुस्लिम नेता की हैसियत से उन्होंने जो साख बनाई, वह अखिलेश यादव और अजय राय की राजनीति के कारण दांव पर लग गई। अजय राय ने दलील थी कि आजम खान का परिवार बदले की राजनीति से परेशान है, इसलिए वह मिलना चाहते हैं। मगर उनकी मुलाकात की मंशा मुस्लिम राजनीति के इर्द-गिर्द की घूमती नजर आ रही है। अजय राय ने इस मेल-मिलाप से दोहरा दांव खेला था। आजम से मुलाकात में मुस्लिम नेता वाला एंगल है, जिसके जरिये कांग्रेस अल्पसंख्यकों को करीब लाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने कद्दावर नेता को विक्टिम के नजरिये से पेश करने की कोशिश की। दूसरा, वह खुद को अखिलेश यादव से बड़ा शुभचिंतक भी बनने लगे। शायद आजम ने उनका यह इरादा भांप लिया और मिलने से इनकार कर दिया। मध्यप्रदेश में सीटों को लेकर विवाद के बाद अखिलेश यादव और अजय राय के बीच तनातनी शुरू हुई। दोनों की कहासुनी चिरकुट, छुटभैय्या नेता और हैसियत तक पहुंच गई। इस विवाद में अजय राय ने मुलायम सिंह के सम्मान का भी जिक्र कर दिया। उन्होंने कहा कि जो अपने पिता मुलायम सिंह का सम्मान नहीं किया, वह हमारी इज्जत क्या करेगा? बातों से शुरू हुई लड़ाई यूपी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लिए नाक की लड़ाई बन गई। कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने इसे राजनीतिक बदले को आजम खान से सहानुभूति जताकर भुनाने की कोशिश की। उन्होंने इसके जरिये वही चाल चली, जो शिवपाल यादव ने अखिलेश के विरोध के दौरान 2022 में चली थी। पिछली बार जब आजम सीतापुर के जेल में थे तब प्रगतिशील समाजवादी के मुखिया रहे शिवपाल यादव ने उनसे मुलाकात की थी। इस मुलाकात के जरिये शिवपाल ने अखिलेश को आजम की अनदेखी के लिए घेरा था।

आज का राशिफल

मेष

वृषभ

मिथुन

कर्क

सिंह

कन्या

तुला

वृश्चिक

धनु

मकर

कुंभ

मीन

सुडोकू पहेली

क्रमांक-

		2		6	1			9
8		5	4				7	6
6		4						
		3		5	2			
			8		7			
			9	3		2		
						1		2
3	6				8	4		7
2			1	4		9		

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5039

7	3	2	5	6	1	8	4	9
8	1	5	4	2	9	3	7	6
6	9	4	7	8	3	5	2	1
1	8	3	6	5	2	7	9	4
4	2	9	8	1	7	6	3	5
5	7	6	9	3	4	2	1	8
9	4	8	3	7	5	1	6	2
3	6	1	2	9	8	4	5	7
2	5	7	1	4	6	9	8	3

वर्ग पहेली 5040

संकेत: बाएं से दाएं



1. चौथे ओलंपिक खेलों का 31 अक्टूबर को यहां समापन हुआ (3)
3. इस देश के प्रधानमंत्री महाथिर मुहम्मद का 31 अक्टूबर 2003 को 22 वर्ष लंबे शासन का अंत हुआ (4)
6. बात, वचन, शब्द (2)
7. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते हैं (3)
8. डांटना, घुड़कना (4)
9. ईश्वर, देवता, भगवान, प्रभु (2)
11. दक्ष प्रजापति की पुत्री जो कश्यप की ब्याही थी (2)
12. सबसे प्रेमपूर्वक मिलने-जुलने वाला, बहिर्मुखी (5)
15. कस्तूरी, पारावत, कस्तूरिका (2)
17. मध्यप्रदेश का एक अंचल (2)
18. स्वतंत्र, आजाद, बरी (2)
19. धूल, धूलिपुंज, गुबार, धूमकेतु (2)
21. नालायक बेटा, अनपूत, कुपुत्र (3)
22. अंदाजन, अंदाज से, अनुमानित (4)

ऊपर से नीचे

1. यह श्रीगणेश का एक नाम है, विनायक (4)
2. गिरोह का मुखिया, दलनायक (4)
3. आनंद, भोगविलास, मनोरंजन (2)
4. आदान प्रदान, परस्परता, महाजनी (4)
5. एक पात्रीय भूमिका वाली विश्व की एकमात्र भारतीय फिल्म (1964)(2)
7. अंगूठे से तीसरी उंगली, उपकनिष्ठिका (4)
10. कमजोर, रूखा, शुष्क (4)
13. अगर, स्पष्ट, ओट, होंठ (2)
14. किसी को हानि पहुंचाते बिना उस जैसा बनने की भावना (उर्दू)(2)
15. नया आया हुआ, आगंतुक, नई भर्ती (4)
17. प्रेमपात्र, प्रियतम, प्रिय (3)
18. पुरानी फिल्मों के दिवंगत हास्य-अभिनेता (निधन 4 सितंबर 2000) (3)
20. ताड़क-भड़क, ठाट-बाट, वैभव (2)

वर्ग पहेली 5039 का हल

विपिन जैन का दौरा कार्यक्रम

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर विधानसभा के

कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार श्री विपिन जैन 31 अक्टूबर 2023 मंगलवार को मंदसौर शहर में प्रात: 8 बजे वार्ड क्रमांक 30,31,32, 33 प्रतापगढ पुलिया अंजुमन स्कूल के पास से जनसंपर्क प्रारंभ होगा। उसके पश्चात श्री विपिन जैन दोपहर मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में जनसंपर्क करेंगे। गांव गलियाखेडी दोपहर 3 बजे, जमालपूरा 3:30 बजे, भरडाद शाम 4:00 बजे , कोचवि शाम 5:00 बजे, पित्याखेडी शाम 5:45 बजे, घटावदा शाम 6:15 बजे,नौगांवा शाम 7:15 बजे, रिंदवन शाम 7:45 बजे , करौली रात्रि 8 बजे , रेवासदेवडा (सभा) रात्रि 8:30 बजे ग्रामों में पहुंचकर मतदाताओं का आशीर्वाद लेकर जनसंपर्क करेंगे।श्री जैन के साथ पूर्व विधायकगण नवकृष्ण पाटिल,पुष्पा भारतीय,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश रातडिया,पूर्व विधानसभा प्रत्याशी महेन्द्र सिंह गुर्जर,जिला संगठन मंत्री राजेश रघुवंशी, वरिष्ठ पूर्व पार्षद रविन्द्र रांका मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह तोमर, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष अंबालाल हिंगोरिया, सलीम खान मंदसौर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दसोरा कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम कुमावत व के वरिष्ठ नेता साथ रहेंगे। यह जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता राजनारायण लाड ने दी।

निर्वाचन संपन्न होने तक सभी अधिकारी/कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंगर्तत निर्वाचन कार्य के सुचारू रूप से संपादन के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों की आवश्यकता तथा निर्वाचन के महत्व को देखते हुए सभी प्रकार के अवकाश पर निर्वाचन संपन्न होने तक प्रतिबंध लगाया है। अति विशेष परिस्थिति में अवकाश संबंधी आवेदन मुख्?य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मंदसौर को प्रस्तुत करेंगे। सभी सेक्?टर अधिकारी अवकाश संबंधी आवदेन अपने संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को प्रस्तुत करेंगे।

प्यारा सा मुखड़ा – घुंगराले केश, खाटू में बैठा बाबा खाटू नरेश....

नगर के श्याम प्रेमी देर रात तक सुनते रहे कीर्तन

दलौदा, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। शरद पूर्णिमा के पावन पर्व के अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल दलोदा द्वारा 17 वा श्री श्याम कीर्तन का आयोजन पाटीदार धर्मशाला दलोदा मे हुआ भजन संध्या के पूर्व नगर मे भव्य निशान यात्रा निकाली गई ओर रात्रि मे बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया ओर श्याम कीर्तन का आयोजन हुआ श्याम कीर्तन की शुरुवात भगवान गणपती जी महाराज के भजन से की गई भजन गायको द्वारा अपनी सुमधुर वाणी से श्री हर्ष शर्मा नागपुर द्वारा बाबा श्याम को खूब रिझाया भाव भरे भजन श्याम प्रेमियों को सुनाये खाटू वाले श्याम बिहारी.... हारे के सहारे आजा तेरा दास पुकारे आजा, उदयपुर से आई केमिता राठौर ने भी श्याम प्रेमियों को खूब भजन सुनाये श्याम प्रेमियों द्वारा भगवान को रिझाया ओर बाबा के दरबार मे हाजरी लगाई श्याम कीर्तन मे नगर एवं आसपास क्षेत्र के हजारों श्याम प्रेमियों द्वारा बाबा श्याम की ज्योत ली ओर बाबा के दर्शन किए श्याम स्कीर्तन देर रात्रि तक चला बाद मे बाबा की आरती की गई श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा बाबा श्याम का शानदार दरबार लगाया था रात्री 12 बजे बाद प्रसादी खीर का वितरण किया गया।

पाटीदार धर्मशला मे आयोजित श्याम कीर्तन मे ज्योति पाल, मोनिका साहू ने भी खूब भजन सुनाये श्याम बाबा श्याम बाबा.... तेरे पास आया हु चरणों मे तेरे अरदास लाया हु, वीर हनुमाना राम नाम रसिया प्रभु मन बसियो रे.... जिन पर

न्यू पुलिस कॉलोनी एमआईटी कॉलेज मंदसौर में पुलिस जवानों के परिवारों द्वारा...

कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन सम्पन्न

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। कहा जाता है कि सबसे अधिक यदि ड्यूटी कोई करता है तो वह पुलिस जवान अपनी ड्यूटी समाप्त होने के बाद भी यदि कोई आपातकाल स्थिति होती है तो जवान तैयार है अपने परिवारों को किसी भी त्यौहार पर समय ना दे पाने से कहीं ना कहीं पुलिस जवानों के परिवार भी कुछ कमी महसूस करते हैं लेकिन न्यू पुलिस कॉलोनी एमआईटी कॉलेज मंदसौर में पुलिस जवानों के परिवारों के द्वारा ही अपनी कॉलोनी में एक सुंदर सा भव्य मंदिर बनाकर वर्ष में आने वाले सभी त्योहारों को बड़े उत्साह से मनाया जाता है पुलिस जवानों के परिवारों के द्वारा यह सारे आयोजन इसलिए किए जाते हैं की आने वाले पीढी के बच्चे अपनी संस्कृति से निरंतर जुड़े रहे अपने कर्तव्य के साथ-साथ अपनी संस्कृति को भी जीवित रखें इस कॉलोनी में होने वाले हर धार्मिक आयोजन के लिए सारे पुलिस जवानों के परिवार एक मत होकर एक साथ होकर सारे त्योहारों को बड़ी खुशियों से मनाते हैं आसपास के क्षेत्र के भक्तों के द्वारा भी उनके सारे आयोजन में भक्ति का धर्म लाभ प्राप्त किया जाता है पुलिस कॉलोनी परिवार के द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया था 9 दिनों तक माता रानी की आराधना कर गरबा खेलकर नवरात्र महोत्सव मनाया गया प्रतिवर्ष अनुसार शरद पूर्णिमा पर कन्या पूजन का आयोजन कर भंडारे का आयोजन किया गया कन्या पूजन के बाद समस्त भक्तों ने माता रानी की प्रसादी का धर्म लाभ प्राप्त किया पत्रकार मनीष शर्मा के द्वारा दी गई।

प्रेक्षक जावले एवं श्रीमती विजयारानी की उपस्थिति में मतदान की शपथ

नीमच, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक श्री किशन नारायणराव जावले एवं श्रीमती जे.विजयारानी की उपस्थिति में कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने कलेक्टोरेट परिसर नीमच में अधिकारी-कर्मचारियों को आगामी 17 नवम्बर 2023 को विधानसभा निर्वाचन के तहत मतदान करने की शपथ दिलाई। प्रेक्षकगणों एवं कलेक्टर श्री दिनेश जैन तथा एसडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता गतिविधियों के तहत हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता करते हुए अपने हस्ताक्षर किए। साथ ही मतदाता जागरूकता के लिए रंग, बिरंगे गुब्बारें भी आकाश में छोडे।

इस मौके पर संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश शाह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू व अन्य जिला अधिकारी सहित कलेक्टोरेट स्थित विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारियों ने मतदान दिवस पर मतदान करने की सामुहिक शपथ ग्रहण की और मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान में सहभागिता की।

रांगोली प्रतियोगिता कर मतदान के लिए किया जागरूक

नारायणगढ़, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। दिनांक 30-10-2023 को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अन्तर्गत स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 26 पर नगर परिषद अधिकारी/कर्मचारी एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता तथा बिएलओ द्वारा स्वीप गतिविधि अन्तर्गत रांगोली प्रतियगिता का आयोजन कर नागरिकों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

पशुपतिनाथ मंदिर के समीप स्वर्णकार समाज का बनेगा रिसोर्ट

महाराजा अजमीढ़ देव की जयंती पर चार भामाशाह ने करोड़ों की जमीन दान की

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। श्री मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज मंदसौर द्वारा महाराजा अजमीढ देवजी जयंती समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस दिन माहेश्वरी धर्मशाला पर समाजजनों द्वारा विभिन्न आयोजन किये गये जिसमें बडी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की। इस दौरान समाज के चार भामाशाह पितृकोष ट्रस्ट अध्यक्ष नागेश्वर सोनी (नीलम मसाला), शहर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन डाबर, शहर पंचायत कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी, वरिष्ठएल्डरमेन राधेश्याम सोनी प्रोफेसर चौमहला वाले ने पशुपतिनाथ मंदिर के समीप स्थित करोडों की जमीन समाज के रिसोर्ट हेतु प्रदान की। साथ ही समाज के 40 प्रतिभावान बच्चों का सम्मान भी किया गया।

शोभायात्रा के पश्चात् सायंकाल प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। श्री श्वासानंदजी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में समाज जिलाध्यक्ष अजय सोनी, शहर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन डाबर, जनक्पुरा पंचायत अध्यक्ष विजय सोनी मेलखेडा वाला, ट्रस्ट के हेमन्त सोनी मंचासीन थे। उपस्थित अतिथियों ने महाराज अजमीढदेवजी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर लम्बे समय से समाज हेतु रिसोर्ट हेतु जमीन के सपने को साकार करने वाले समाज के भामाशाह पितृकोष ट्रस्ट अध्यक्ष नागेश्वर सोनी (नीलम मसाला), शहर पंचायत अध्यक्ष अर्जुन डाबर, शहर पंचायत कोषाध्यक्ष गोपाल सोनी, वरिष्ठएल्डरमेन राधेश्याम सोनी प्रोफेसर चौमहला वाले का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस जमीन पर स्वर्णकार समाज का भव्य रिसोर्ट बनाने का निर्णय लिया गया। समाज के चारों भामाशाह एवं प्रतिभाओं का सम्मान प्रमुख कार्यकर्ता हितेश सोनी सम्राट, पृथ्वीराज सोनी, राजा सोनी प्रतापगढवाला, अजय चौधरी, ओम सोनी स्वास्तिक, जगदीश अठाना, विजय सोनी एण्ड सोनी, अशोक सोनी पतंजलि, दीपेन्द्र सोनी धरियावद, दीपक दिवान पप्पू, राजेश सोनी अफजलपुरवाला, नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष गौरव सोनी ने किया। संचालन हितेश सोनी ने किया व आभार राजा सोनी ने माना।

पेंशनर महासंघ सुवासरा इकाई का हुआ पुनर्गठन

सुवासरा, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला मन्दसौर की सुवासरा क्षेत्रिय इकाई का पुनर्गठन महासंघ के जिला सचिव नंदकिशोर राठौर के मुख्य आतिथ्य, तहसील प्रभारी शिवनारायण गुप्ता की अध्यक्षता एवं जिला पुनर्गठन समिति सदस्य कोमल वाणवार के मार्गदर्शन में सुवासरा डे केअर सेंटर पर हुआ।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री राठौर ने कहा कि महासंघ के बायलॉज के अनुसार जिले की सभी इकाइयों के पुनर्गठन का कार्य दिसम्बर तक पूर्ण किया जाना है। जिला पुनर्गठन दल के सदस्य सभी इकाइयों में पहुंचकर यह कार्य संपादित कर रहे है। साथ ही जिले के ऐसे पेंशनर जिनकी सेवानिवृत्ति 30 जून व 31 दिसम्बर को हुई है उन्हें एक इंक्रीमेंट का लाभ देकर पुन: पेंशन निर्धारण किया जाना चाहिये। वर्तमान में यह लाभ उन्हीं लोगों को देने की स्थिति सामने आई है जो कोर्ट में अपना प्रकरण ले गये हैं। पेंशनर महासंघ ऐसे सभी पेंशनरों को उक्त लाभ मिले इस हेतु सरकार के समय अपनी बात रखेगी। अत: ऐसे सभी साथी अपने आवेदन पेंशन अधिकारी को देवें जिसकी एक प्रति महासंघ को भी प्रदान करें। जिनको लेकर आगामी समय में आंदोलन की रूपरेखा बनाई जा सके। इस अवसर पर तहसील प्रभारी शिवनारायण गुप्ता एवं कोमल वाणवार ने पुनर्गठन प्रक्रिया पूरी सम्पादित की। नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष पन्नालाल पाटीदार, सचिव अर्जुनसिंह मेहर, उपाध्यक्ष दशरथनंदन पाण्डे, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती भागवंती बामनिया, सहसचिव पुरूषोत्तम व्यास, कोषाध्यक्ष महेश चौधरी तथा संगठन सचिव कमल सोनी के साथ संरक्षक श्री मनोहरलाल ओझा, पुरूलाल पाटीदार, के.एल. चौहान को नामांकित किया। सदस्य के रूप में प्रकाश देवडा, राधेश्याम कुमावत, नारायणलाल बोराना, बंशीलाल परमार, श्यामसिंह देवडा को नामित किया गया। कार्यक्रम में राधेश्याम त्रिवेदी, नंदकिशोर शिल्पी, भागीरथ चौहान, हेमेन्द्रकुमार द्विवेदी एवं श्रीमती अय्यर का जन्मदिवस इसी माह होने पर सभी साथियों ने पुष्पहार एवं उत्तरीय वस्त्र पहनाकर सभी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

विद्युत पेंशनर अपना जीवित प्रमाण अवश्य प्रस्तुत करें

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। जिला पेंशनर्स एसोसिएशन विद्युत मण्डल मन्दसौर के अध्यक्ष खूबचन्द शर्मा एवं सचिव राजेन्द्रसिंह चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया है कि जिले के समस्त विद्युत पेंशनर्स एवं फैमेली पेंशनर्स माह नवम्बर में किसी भी एम.पी. ऑनलाईन पर या वरिष्ठलेखा अधिकारी कार्यालय चम्बल कॉलोनी मंदसौर में जाकर अपना जीवित होने का प्रमाण प्रस्तुत करे। साथ में पी.पी.ओ. एवं आधार कार्ड एवं बैंक अकाउंट की प्रति भी लेकर जावे। ताकि समय पर आपकी पेंशन आपको भुगतान हो सके। आपने सभी पेंशनर्स से आव्हान किया है कि दीपावली के अवकाश को ध्यान में रखकर अपना प्रमाण प्रस्तुत करें।

भाजपा दलौदा मंडल चुनाव कार्यालय का शुभारम्भ

दलौदा, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। चुनावी बिगुल बज चुका ओर प्रत्याशी की भी घोषणा भी हो चुकी हे इसी कडी मे दलोदा मे भाजपा चुनाव कार्यालय का शुभारंभ भगवान की पूजा पाठ के साथ किया गया कार्यलय के शुभारम्भ के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा की भाजपा की शिवराज सरकार ने ओर केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा हर क्षेत्र मे विकास किया हे। इस अवसर पर ईश्वर लाल पाटीदार, राजेश पालीवाल, राजेंद्र सिंह सिसोदिया, विकास सुराना , जिला पंचायत सदस्य विजय मेहता शिवराज सिंह घटावदा, नरेंद्र पाटीदार, शंकर लाल पोरवाल, जागीदश पाटीदार, कैलाश जैन, सुमित सेन, विनोद धनोतया, बाबू गुजरती, भगवान सिंह ताजखेडी, चंद्रशेखर मंडलोई, फतेहसिंह आंजना, हरिवल्लभ पाटीदार, नंदकिशोर मालि, विमला जी धनोरा, गजेंद्र सिंह सिसोदिया, विनोद मलविए, राकेश रांका, विजय तातेड, भवानी प्रताप सिंह, अजय शर्मा ,सहित कार्यकर्ता उपस्तिथ थे कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष श्री हेमंत धनोतिया ने किया आभार भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सुराणा ने माना।

भारतीय सर्राफा बाजार में फिर 61 हजार के पार हुआ सोना

नई दिल्ली, 30 अक्टूबर। भारतीय सर्राफा बाजार में 30 अक्टूबर 2023 को सोना फिर 61 हजार रुपये के पार हो गया। चांदी का भाव 71 हजार रुपये प्रति किलो से अधिक हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 61238 रुपये हो गई है। 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 71931 रुपये हो गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार शुक्रवार की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 60825 रुपये थी। सोमवार की शाम को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 61238 रुपये हो गई है। इसी तरह शुक्रवार की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत शुक्रवार की शाम को 70906 रुपये थी। सोमवार की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 71931 रुपये हो गई।

जनरल आब्जर्वर जावले एवं श्रीमती जे.विजया रानी ने नीमच में निर्वाचन तैयारियों का लिया जायजा

नीमच, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक श्री किशन नारायणराव जावले एवं श्रीमती जे. विजया रानी ने सोमवार को नीमच में विधानसभा निर्वाचन-2023 की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन एवं पुलिस श्री अमित कुमार तोलानी से चर्चा कर, विधानसभा निर्वाचन की अब तक की गई, तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए।

जनरल आब्जर्वर श्री जावले एवं श्रीमती विजया रानी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र मनासा, नीमच एवं जावद के लिए नामांकन प्राप्त करने के लिए कलेक्टोरेट एवं संयुक्त तहसील कार्यालय भवन नीमच में स्थापित आरओ कक्ष का अवलोकन कर, नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया एवं व्यवस्था ओं का जायजा लिया। प्रेक्षकगणों ने रिटर्निंग ऑफीसर नीमच, जावद एंव मनासा के कलेक्टोरेट में नामांकन प्राप्त करने वाले कक्षों का अवलोकन कर, नामांकन प्राप्त करने के लिए तैनात टीम को आवश्यक निर्देश भी दिए, तथा नाम निर्देश पत्रों के फार्मो का अवलोकन किया। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन, पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार तोलानी, अपर कलेक्टर सुश्री नेहा मीना, सीईओ जिला पंचायत श्री गुरूप्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनरल आब्जर्वर श्रीमती जे.विजया रानी के नीमच कलेक्टोरेट पहुचने पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन, पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार तोलानी, एडीएम सुश्री नेहा मीना एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद ने पुष्पिगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। तदपश्चात श्रीमती जे.विजया रानी ने कलेक्टर एवं एसपी से चर्चा कर, नीमच जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 की तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

प्रेक्षक श्री जावले एवं श्रीमती विजयारानी ने मतगणना केंद्र, मतदान सामग्री वितरण केंद्र एवं स्ट्रां ग रूम का किया निरीक्षण –भारत भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक श्री किशन नारायणराव जावले एवं श्रीमती जे. विजयारानी ने सोमवार को नीमच में विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत शासकीय पीजी कॉलेज नीमच में प्रस्तावित मतगणना केंद्र, मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं प्राप्ति केंद्र, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। प्रेक्षक श्री जावले ने मतगणना स्थल पर आवागमन का मास्टर प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिए। प्रेक्षकगणों ने नीमच, जावद एवं मनासा विधानसभा क्षेत्रो के लिए प्रस्तावित सामग्री वितरण एवं प्राप्ति स्थल, स्ट्रांग रूम, एवं मतगणना कक्षों का अवलोकन किया। उन्होने वाहन पार्किंग स्थल, मतगणना केंद्र पर प्रवेश एवं निकासी की व्यवस्था, बेरिकेटिंग्स व्यवस्थां आदि का भी जायजा लिया। इस मौके पर कलेक्टरर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन, एडीएम सुश्री नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

अति प्राचीन चमत्कारिक टेकरी वाली माता जी के मंदिर पर हुआ भंडारा

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। ऋषियानंद नगर 500 क्वार्टर मंदसौर बाईपास चौराहे पर स्थित अति प्राचीन चमत्कारिक टेकरी वाली माता जी का मंदिर स्थित है माता रानी के दर्शन मात्र से समस्त भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है कहीं दूर-दूर से भक्तगण अपनी मनोकामना लेकर माता रानी के दर पहुंचते हैं माता रानी की ख्यात बडी दूर-दूर तक फैली हुई है टेकरी वाली माता के भरोसे सभी भक्तगण अपना जीवन जीते हैं माता रानी निरंतर सब की रक्षा करती है माता रानी के भक्तों के द्वारा प्रतिवर्ष भव्य नवरात्र महोत्सव मनाया जाता है 9 दिनों तक गरबा आयोजन कर भव्य कन्या पूजन का आयोजन किया जाता है कन्या पूजन के साथ-साथ समस्त भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन मंदिर पर होता है इसी प्रकार शरद पूर्णिमा के दूसरे दिन माता रानी की भव्य आरती के साथ कन्या पूजन का आयोजन किया गया कन्या पूजन के बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया जिसमें भक्तों ने बडी संख्या में प्रसादी का धर्म लाभ प्राप्त किया समस्त जानकारी मंदिर समिति सदस्य पंडित संजय जोशी के द्वारा दी गई

सुनील रायजादा एडवोकेट
24, कुमार कॉलोनी, मंदसौर (म.प्र.)458001 मो. 9329715454
दिनांक 30.10.2023

// जाहिर सूचना //

हर खास व आम को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मुकेश पिता श्री कन्हैयालाल जी कारवार (कुमावत) निवासी देवरे वाली गली, नरसिंहपुरा, मंदसौर (म.प्र.) के द्वारा उंकारलाल पिता श्री बालमुकुंद जी कुमावत, निवासी-नरसिंहपुरा, मंदसौर (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखंड क्रं 367 स्थित नयागांव, नरसिंहपुरा, मंदसौर में स्थित है, जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में राधाकिशन कुमावत का मकान, पश्चिम में रास्ता, उत्तर में रास्ता, दक्षिण में राजस्थान वालों का मकान व पैमाईश पूर्व से पश्चिम 35 फिट, उत्तर से दक्षिण 55 फिट, कुल क्षेत्रफल 1925 वर्गफिट है को क्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशि अदा कर दी है व मेरे पक्षकार ने अपने पक्ष में विक्रय अनुबंधपत्र का निष्पादन भी कराया है तथा शीघ्र ही शेष सौदा राशि अदा कर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित भूखंड का विक्रय पंजीयन पत्र अपने पक्ष में निष्पादित कराया जावेगा।

अत: उक्त भूखंड क्रं.-367 के सम्बंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, बैंक, आदि का किसी प्रकार का कोई बकाया हो या आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 03 दिवस मे मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर पेश करें, अन्यथा बाद अवधि के उक्त भूखंड का विक्रय पंजीयनपत्र मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में निष्पादित करवा लिया जायेगा, जिसके बाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, आदि मान्य नहीं की जावेगी। सो सूचित हो।

दिनांक- 30/10/2023
भवदीय
सुनील रायजादा, एडवोकेट वास्ते पक्षकार

मंदसौर मंडी भाव

उपज	आवक बोरी में	न्यूनतम	अधिकतम
मक्का	558	1730	2120
उडद	53	8230	11112
सोयाबीन	8600	4400	5000
गैहु	3800	2000	3200
चना	250	5050	5790
मसुर	373	5061	6170
धनिया	285	5681	7200
लहसुन	15000	5481	16900
मैथी	810	5851	7100
अलसी	2016	4660	5160
सरसो	518	4860	5326
तारामीरा	3	3220	4558
इसबगोल	38	12560	20600
प्याज	9000	2000	4500
कलोंजी	35	9600	16279
डॉलर	10	8600	15281
तिल्ली	9	13700	16402
मटरसुखी		1813	3280
असालीया	00	00	00

पांच साल बाद शिवराज आज गरोठ में, फिर होगी नई घोषणाएं..!

गरोठ जिले की मांग को लेकर युवाओं में आक्रोश, सोशल मीडिया पर निकाल रहे हैं भड़ास

गरोठ, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। दीपावली के बाद 17 नवंबर को मध्य प्रदेश विधान सभा के चुनावों को लेकर प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा एवं कांग्रेस एवं अन्य विभिन्न दलों ने चुनाव हेतु अपने-अपने प्रत्याशी घोषित कर चुनावी जंग में प्रत्याशियों को उतार दिया हैं। गरोठ- भानपुरा विधानसभा से इस बार भाजपा ने चंदरसिंह सिसोदिया को प्रत्याशी घोषित कर कांग्रेस के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांग्रेस नेता सुभाष कुमार सोजतिया से इनका मुकाबला होना है।

फिलहाल इस क्षेत्र में स्थिति साफ नहीं है। जिसके चलते शुरुआती दौर में ही पूरे संसदीय क्षेत्र में सबसे पहली एक सभा इस विधानसभा क्षेत्र में होने जा रही है। जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा संबोधित किया जाएगा। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में शिवराजसिंह चौहान मंगलवार को नए बस स्टैंड पर चुनावी सभा को संबोधित करने वाले हैं। सभा की तैयारी हेतु मंच तैयार हो गया है, जहां से शिवराज सिंह चौहान सभा को संबोधित करेंगे।

दरअसल भाजपा प्रत्याशी को अपने चुनावी दौरे के पहले दिन ही गरोठ क्षेत्र के एक ग्राम में विरोध का सामना करना पडा था। इसके साथ ही गरोठ-भानपुरा विधानसभा सीट से भाजपा के एक दर्जन से अधिक दावेदार लंबे समय से चुनावी तैयारी कर रहे थे। परंतु सिसोदिया का टिकट फाइनल होते ही प्रमुख दावेदारों में से एक राजेश चौधरी जो की पोरवाल समाज से ताल्लुक रखते हैं, वह चुनावी प्रचार से नदारद हैं। साथ ही राजनीति के संबंध में किसी भी प्रकार की बात न करने की बात कर रहे हैं। इसके साथ ही बाकी अन्य दावेदार भी जो सिसोदिया के साथ घूम रहे हैं वह भी पूरी तरह साथ है या नहीं यह उनके संबंध में भी कुछ भी कहा नहीं जा सकता है। इसके साथ ही सिसौदिया के पूर्व उपचुनाव के 3 वर्षीय कार्यकाल के दौरान हुए कई घटनाक्रम भी उनके लिए रोडा बन रहे हैं। इसके साथ ही 5 वर्षीय वर्तमान विधायक के कार्यकाल में लोगों के तो ठीक भाजपा कार्यकर्ताओं के काम ना होने के साथ-साथ क्षेत्र का पर्याप्त विकास ना होना, उनके लिए बाधक बन रहा है। इन्हीं सब चीजों के चलते हैं इस इस सीट का सर्वे कमजोर सीट के रूप में जा रहा है। संभवत: इसके चलते प्रदेश के मुखिया अपनी शुरुआती चुनावी दौरे में ही गरोठ को प्राथमिकता देते हुए सभा संबोधित करने आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री का गरोठ में वर्ष बाद आगमन हो रहा है। इससे पूर्व 8 वर्ष पूर्व हुए विधानसभा उपचुनाव में सीएम शिवराज सिंह ने गरोठ भानपुरा विधानसभा क्षेत्र में 7 बार सभाए तथा रोड शो किए थे। इस दौरान सीएम द्वारा अनेक घोषणाएं की गई थी, जो अभी अधूरी है। गरोठ में आरटीओ ऑफिस खोले जाने की घोषणा आज तक अधूरी है। इसके साथ ही सीएम द्वारा लोगों को आश्वस्त किया गया था कि गरोठ से दो विधायक रहेंगे, जिसमें मैं स्वयं तथा यहां से निर्वाचित विधायक गरोठ का प्रतिनिधित्व करेंगे। किंतु उसके बाद भी क्षेत्रवासी अब तक गरोठ जिला बनाए जाने की मांग करते आ रहे हैं। परंतु उनकी यह मांग भी अधूरी ही है। इन मांगों को लेकर युवा सोशल मीडिया पर अब भी आवाज उठा कर अपनी भडास निकाल रहे हैं। देखना है कि शिवराजजी आज क्या नई घोषणा करते है।

मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने वरिष्ठ नेता, विधायक देवीलाल धाकड़ के साथ सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधि के अंतर्गत नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की मतदाता जागरुकता रैली निकाली (Youth voter run) गई। रैली का प्रारंभ गांधी चौराहा से किया गया। गांधी चौराहे से रैली शहर के कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रो को कवर करते हुए नरसिंहपुरा मांगलिक भवन मंदसौर में समापन किया गया। मांगलिक भवन में उपस्थित सभी कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता अंतर्गत शपथ दिलाई गई। इस दौरान नगर पालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार, महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पीसी चौहान तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वर्णकार समाज मनासा ने मनाया अजमीढ़ जयंती उत्सव

मनासा, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। मंदिरो की नगरी मनासा मे महाराज अजमीढ जयंती के उपलक्ष्य मे सोनी समाज़ द्वारा नगर मे चल समारोह निकाला गया जिसमे महाराज अजमीढ जी पालकी मे विराजमान थे।

चल समारोह नारसिंघी माता मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए द्वारिकापुरी धर्मशाला मे पहुचा। धर्मशाला मे महिलाओ द्वारा गरबा रास किया गया एवं छोटे बच्चो के लिए चेयर रेस व चित्रकला प्रतियोगिता रखी गयी। जिसमे चेयर रेस मे प्रथम अपेक्षा सोनी द्वितीय अथर्व सोनी व तृतीय मीतांश सोनी रहे व चित्रकला मे प्रथम यशवी सोनी, द्वितीय हिमाक्षी सोनी व तृतीय आरोही सोनी रही जिन्हे नवयुवक मंडल द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ हि शिक्षा के क्षेत्र मे प्रतिभावान छात्र छात्राओं को स्व. कैलाश चंद्र जी सोनी व स्व. नंदकिशोर जी सोनी की स्मृति मे जांगलवा परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। एवं समाज़ के प्रतिभाशाली सदस्य साधना सोनी को शिक्षा के क्षेत्र मे तथा आशुतोष सोनी को एल्बम लॉन्च , शकुंतला जी सोनी को सामाजिक कार्य हेतु शाल श्रीफल से सम्मानित किया गया। स्वर्णकार समाज़ के इस कार्यक्रम मे समाज़ के जिलाध्यक्ष राधेश्याम सोनी समाज़ के वरिष्ठजन बंशीलाल सोनी , राधेश्याम सोनी , रमेश सोनी ,चंद्रशेखर सोनी , मनोहर सोनी , श्रीमती सावी सोनी मंचासीन रहे एवं नवयुवक मंडल के पदाधिकारी अभिषेक सोनी , अजय सोनी , प्रद्युमन सोनी, स्वर्णिम सोनी, योगेश सोनी, पंकज सोनी व कार्यकारिणी सदस्य सहित सभी समाज़ जन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र सोनी द्वारा किया गया एवं आभार अनिल सोनी द्वारा व्यक्त किया गया।

बाबा अमरनाथ जाने वाले कराड़ों श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी...

अब आसानी से कर सकेंगे शिवलिंग के दर्शन

जम्मू, 30 अक्टूबर। बाबा बर्फानी के करोडों श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है।अब श्रद्धालु आसानी से बाबा अमरनाथ के दर्शन कर सकेंगे, क्योंकि पवित्र गुफा तक सडक बनाने की तैयारी चल रही है। बीआरओ का प्रोजेक्ट है, जिसके तहत जम्मू-कश्मीर में समुद्रतल से करीब 3888 मीटर की उंचाई पर अमरनाथ गुफा तक वाहनों को पहुंचाया जाएगा। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) अपने ट्रकों और छोटे पिकअप वाहनों को गुफा तक पहुंचा चुका है, जिनके जरिए सडक को चौड़ा करने का काम चल रहा है। अब तक श्रद्धालु पैदल, घोडे, पालकी या हेलीकॉप्टर से ही गुफा तक जा पाते हैं।

3 दिन का सफर 8 से 9 घंटे में पूरा होगा- बता दें कि बाबा बर्फानी की पवित्र गुफा तक पहुंचने के 2 रास्ते हैं। एक बालटाल से और दूसरा पहलगाम के चंदनबाडी से होते हुए श्रद्धालु बाबा के दर्शन करने जाते हैं। यह दोनों रास्ते कच्चे हैं।पहाडों के बीच से गुजरते हैं। बालटाल वाले 14 किलोमीटर वाले रास्ते पर सडक को चौडा करने का काम

चल रहा है। वहीं सडक चौडी हो जाने के बाद 3 दिन का अमरनाथ गुफा तक पहुंचने का सफर 8 से 9 घंटे में ही पूरा हो जाएगा।चंदनबाडी से गुफा तक शेषनाग और पंचतरणी के बीच 10।8 किलोमीटर लंबी सुरंग बनाने की भी योजना है । पंचतरणी से आगे पवित्र गुफा तक 5 किलोमीटर लंबा और साढे 5 मीटर चौडी पक्की सडक बनाई जा रही है।

इस साल 4।45 लाख लोगों ने किए थे दर्शन- बता दें कि पर्वतमाला प्रोजेक्ट के तहत बालटाल से पवित्र गुफा तक 9 किलोमीटर लंबा रोपवे बनाने की भी योजना है, जिसका बजट करीब 750 करोड रुपये होगा। बता दें कि साल 2023 की अमरनाथ यात्रा एक जुलाई से शुरू हुई थी और 31 अगस्त को खत्म हुई। 62 दिन की यात्रा के दौरान इस साल 4 लाख 45 हजार 338 लोगों ने पवित्र गुफा के दर्शन किए। वहीं इस साल यात्रा के दौरान 62 लोग घायल हुए और 48 लोगों की मौत हुई। अमरनाथ गुफा जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में 17 हजार फीट से ज्यादा उंचाई पर स्थित है। गुफा श्रीनगर से 141 किलोमीटर दूर दक्षिण कश्मीर में है और सबसे मुश्किल यात्रा है।

बस से मिला था 5 क्विंटल तांबा

चुनाव के चलते राजपुरिया नाके पर राजस्थान पुलिस ने जप्त किया स्क्रेप

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। यात्री बसों में अवैध रूप से सामान का परिवहन किया जा रहा है। आचार संहिता को लेकर बार्डर पर पुलिस लगातार दुपहिया और चार पहिया वाहनों की चेकिंग कर रही है। लेकिन लगातार बार्डर से गुजर रही बसों को रोककर बसों की छत और अन्य जगह रखे लगेज की तलाशी लेना मुश्किल है। मुखबीर की सूचना पर ही कोई अवैध पदार्थ को पकड़ा जा सकता है। कम से कम परिवहन विभाग अवैध रूप से भरकर ले जाए जा रहे लगेज पर तो कार्रवाई कर सकता है। लेकिन, ऐसा हो नहीं रहा। हाल ही में अवैध रूप से तांबा पकड़कर प्रतापगढ़ पुलिस ने इस पर मुहर लगा दी है। जिसमें मंदसौर से दिल्ली जा रहा तांबा पुलिस ने जब्त किया है।

बता दे कि प्रतापगढ जिले की राजपुरिया बॉर्डर जो मध्य प्रदेश की मंदसौर सीमा से सटी हुई है, आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एफएसटी टीम और पुलिस सतर्कता के साथ प्रत्येक आने जाने वाले वाहनों की गहनता से तलाशी ले रही है। इसी दरमियान पुलिस ने एक बस के अंदर से 5 क्विंटल तांबे को जब्त किया है।

मंदसौर से दिल्ली जा रहा था तांबा...

राजपुरिया आगामी विधानसभा चुनाव के चलते पुलिस उप अधीक्षक स्वराज मल एफएसटी टीम व हथुनिया थानाधिकारी शंभुसिंह व पुलिस टीम द्वारा राजपुरिया बॉर्डर पर आने जाने वाले वाहनों की गहनता से तलाशी ली जा रही थी। शनिवार दोपहर में मंदसौर से दिल्ली जा रही निजी यात्री बस की चेकिंग की गई। बस की डिक्की के अंदर 9 बोरों में 5 क्विंटल से अधिक स्क्रेप तांबा पाया गया। बस के कंडक्टर और ड्राइवर से तांबे के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि यह मंदसौर से दिल्ली जा रहा है। उनके पास कोई बिल या कोई दस्तावेज नहीं पाए गए, जिस पर 5 क्विंटल से अधिक स्क्रेप तांबे को जब्त किया गया। राजस्थान की बॉर्डर से मध्य प्रदेश की सीमा को जोडने वाला यह एक मुख्य मार्ग बडी संख्या में लोग अपने व्यापारिक संबंधों के चलते निकटवर्ती मंदसौर जिले से वस्तुओं का आदान-प्रदान करते हैं।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने पांच संस्थानों से लिये सेम्पल

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। आगामी त्यौहारों में आमजनों को अच्छे से अच्छी एवं शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इस हेतु खाद्य सुरक्षा प्रशासन लगतार कार्यवाही कर रहा है। जिला कलेक्टर के निदेर्शानुसार 30 अक्टूबर को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए मंदसौर के पांच संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 30 अक्टूबर को कार्यवाही और निरीक्षण के दौरान मक्खन रेस्टोरेन्ट नयाखेडा मावा पेढा, अमृत होटल दलौदा से सेंव, माधवन होटल एवं स्वीटस दलौदा से मलाई बर्फी, न्यू श्रीकृष्णा स्वीटस धुंधडका से गुलाब जामुन एवं चारभुजा स्वीटस बडवन से मावा का नमुना लिया गया।

18 वर्षों से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। शहर कोतवानी पुलिस ने जानलेवा हमले के 2 प्रकरणों में 2005 व 2006 से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी अनुराग सुजानिया, एएसपी गौतम सोलंकी, सीएसपी सतनामसिंह के निर्देशन व कोतवाली प्रभारी राकेश मोदी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक एमएल वर्मा, प्रधान आरक्षक सुनील टेलर, मनोहर मसानिया, योगेश साहू ने धारा 304 के दो प्रकरणों में घटना दिनांक से फरार स्थायी वारंटी भूरिया महादेव गली, जनकुपूरा मंदसौर निवासी हीरालाल पिता मिश्रीलाल सोनी को मुखबिर की सूचना पर भीलवाडा जिले के हमीरगढ में प्रेम कालोनी स्थित मकान से पकड लिया।

हरदीपसिंह डंग ने किया नामांकन दाखिल

नगर के समाज सेवी और गणमान्य जन ने जगह-जगह मंच लगाकर किया स्वागत

सीतामऊ, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। सोमवार को सुवासरा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी श्री हरदीप सिंह डंग ने भव्य रैली के रूप में हजारों कार्यकर्ताओ के साथ नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में शहनाई गार्डन से प्रारंभ होकर सुवासरा चौराहा, तीतरोद दरवाजा, मोडी माताजी, गणपति चोक, महावीर चौक, आजाद चौक, सदर बाजार, हॉस्पिटल, महाराणा प्रताप चौराहे होते हुए अनुविभागीय कार्यालय पहुँची। रैली में कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दे रहा था। डीजे की धुन व ढोल की थाप पर कार्यकर्ता झूमते नाचते दिखाई दिए।

रैली में मातृ शक्ति ने भी पूरी सक्रियता के साथ रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। रैली में गुजरात के विधायक श्री डीके स्वामी, विधानसभा चुनाव प्रभारी श्री मदनलाल राठौर, विधानसभा संयोजक श्री विक्रम सिंह चौहान, श्री जितेंद्र सिंह कोटडा माता, श्रीमती प्रियंका गोस्वामी सहित विधानसभा के नगर परिषद के सभी अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा के मंडल अध्यक्ष,भाजपा जनप्रतिनिधि सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आरोपी मोहित जिला बदर

नीमच, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। कलेक्टर एवं जिला दण्डाकधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत आरोपी को तीन माह के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। जिला दण्डाधिकारी द्वारा बस स्टेण्ड जावद, थाना जावद निवासी मोहित पिता रमेश बिरवाल को तीन माह के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। आरोपी जिला बदर अवधि में नीमच जिले की राजस्वक सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्व सीमा में जिला बदर अवधि में प्रवेश नहीं कर सकेगें।

प्रेक्षकगणों द्वारा निर्वाचन तैयारी की समीक्षा बैठक आज

नीमच, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तीनों विधानसभा क्षेत्रों हेतु केन्द्रीय चुनाव प्रेक्षक नियुक्त किये गये हैं। प्रेक्षकगणों का जिले में आगमन हो चुका है। प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में आज 31 अक्टूबर.2023 को निर्वाचन तैयारियों की समीक्षा बैठक सांय 5.00 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव साहू ने संबंधित जिला अधिकारियों को इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

जिले में आज राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जावेगा

नीमच, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। भारत सरकार के निर्देशानुसार आज 31 अक्टोबर 2023 को स्व . सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मतिथि को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जावेगा। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज 31 अक्टूबर 2023 को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जावेगा। एकता, अखण्डता एवं सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए रन फार यूनिटी एकता दौड का आयोजन भी किया जाएगा। उक्त कार्यक्रमों के आयोजन में आदर्श आंचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

नेशनल मीडिया अवार्ड-2023 के लिए प्रस्ताव आमंत्रित

नीमच, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। भारत निर्वाचन आयोग ने नेशनल मीडिया अवार्ड-2023 के लिए अलग-अलग श्रेणियाँ के लिए मीडिया संस्थानों से प्रस्ताव चाहे हैं। प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन मीडिया), इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो मीडिया), ऑनलाइन (इन्टरनेट, सोशल मीडिया), (आयोग द्वारा वर्ष 2023 के दौरान मतदाता शिक्षा और जागरूकता पर सर्वोत्तम अभियान के लिए नेशनल मीडिया अवार्ड दिया जाएगा। आयोग ने मीडिया संस्थानों से इसके लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये हैं।

जिले के सभी मीडिया संस्थानों को सूचित किया जा रहा है, कि वे अपना नामांकन और विशेष योगदान के विस्तृत विवरण के साथ प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को सीधे प्रस्तुत कर सकते है। सभी नामांकनों पर आयोग द्वारा एउख स्तर पर विधिवत गठित जूरी और समिति द्वारा विचार किया जाएगा। सभी प्रस्ताव अंतिम तिथि 10 दिसम्बर 2023 के पहले भारत निर्वाचन आयोग तक अवश्य पहुँच जाने चाहिए। नेशनल मीडिया अवार्ड-2023 से संबंधित विस्तृत विवरण (मेमोरेण्डम) कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र.की वेबसाइट www. ceo madhya pradesh .nic. in और जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट www.mpinfo.org पर अपलोड है।

मतदाता जागरूकता हेतु नपा सफाई कर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। नगर पालिका परिषद् मंदसौर द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत दिनाक 30/10/2023 को दोपहर :02:30 बजे गांधी चोराहा से नरसिंहपूरा मांगलिक भवन मंदसौर तक यूथ वोटर रन सफाई कर्मियों की रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता रैली मै नपा सफाईकर्मियों ने हाथो में मतदान से सम्बंधित सन्देश नारे लिखे तक्तीया लेकर मतदान देने जायेगे थीम गाने के धुन पर नागरिको को मतदान देने हेतु जागरूक किया गया। मतदान रैली में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सुधीर कुमार सिंह , कार्यपालन यंत्री श्री पी.एस.धार्वे ,कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री पी.सी.चौहान , श्री हेमचंद शर्मा प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ,श्री अजय शर्मा मिशन मैनेजर और नपा अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सहभागिता की गई।

गुप्ता ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया

सुवासरा, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुप्ता ने सुवासरा विधानसभा से सोमवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री गुप्ता की भाजपा के जमीनी कार्यकर्ता के रूप में अच्छी पकड है। विधानसभा में पोरवाल समाज के करीब 28000 मतदाता हे। जो इस चुनाव में परिणाम को प्रभावित कर सकते है। विगत नगर परिषद चुनाव में कैलाश गुप्ता ने अपनी पत्नी के लिए पार्षद का टिकट मांगा था। लेकिन मंत्री हरदीप सिंह डंग ने इसे नजर अंदाज कर दिया। बाद में गुप्ता की पत्नी ने निर्दलीय पार्षद चुनाव लडा था और वे हार गई थी। चुनाव के बाद भाजपा ने कैलाश गुप्ता को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। जिसके बाद से ही गुप्ता मंत्री और भाजपा से नाराज चल रहे थे। क्षेत्र के कई पुराने निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ता को मंत्री डंग ने दरकिनार कर रखा है। जिसका खामियाजा भाजपा को चुनाव में भुगतना पड सकता हे। कैलाश गुप्ता पूर्व में सुवासरा मंडल अध्यक्ष का भी दायित्व निर्वाहन कर चुके है। इनके पिताजी श्री गोरधनलाल गुप्ता ने जनसंघ के दौर में आधार स्तंभ कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया। कैलाश गुप्ता ने अपने समर्थको के साथ सोमवार को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। श्री गुप्ता की पार्टी के प्रति निष्ठा और ईमानदारी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए भी इन्होंने निस्वार्थ भाव से कार्य किया और आज भी स्वयं का निजी मकान इनके पास नही है।

भूखों को भोजन ही नहीं कराता बिछड़ों को मिलाने का भी माध्यम है सेवा बैंक...

70 वर्षीय लापता वृद्ध, परिजनों को सेवा बैंक में मिले

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। सेवा बैंक केवल जरूरतमंदों को भोजन कराने की ही सेवा नहीं करता वरन सेवा बैंक के माध्यम से कुछ भूले भटके लोग जो अपनों से दूर हो जाते हैं और सब जगहों पर ढूंढने से भी नहीं मिलते वे सेवा बैंक में मिल जाते हैं। पिछले वर्षों में ऐसे वाकए हुए हैं।

यह जानकारी देते हुए सेवा बैंक के संचालक समाजसेवी व पार्षद सुनील बंसल ने बताया कि 70 वर्षीय वृद्ध इरशाद भाई भी सेवा बैंक के माध्यम से परिजनों को मिले। दलोदा निवासी इरशाद भाई घर से बीना कहे चार-पांच दिनों से लापता थे वे प्रतिदिन शाम को भोजन के लिए गांधी चौराहे पर सेवा बैंक में आ रहे थे वहां पर सेवादार श्री शलभ बंसल, दिलीप राठौड, मुकेश आर्य,और नटवर भाई पारीख अपनी सेवाएं दे रहे थे जल्दी से परिजन आए और उन्होंने फोटो दिखाया कि उक्त व्यक्ति बिना कहे हमारे घर से चले गए हैं अगर यहां पर भोजन के लिए आए या दिखे तो आप हमें बताएं वह उनका फोन नंबर भी देकर गए थे दूसरे दिन शाम जब भोजन प्रारंभ हुआ तो वह व्यक्ति भोजन करने के लिए पंगत में बैठा था। सेवादार शलभ बंसल ने उसे पहचान एवं साथियों से चर्चा कर जो नंबर दलौदा वाले दे गए थे उस पर फोन कर उन्हें सूचित किया कि आपने उन्हें बताया था वह यहां पर भोजन कर रहे हैं आप आ जाएं इस बीच में व्यक्ति खाना खाकर जाने लगे, रोकने का प्रयास किया पर रुके नहीं और जिला चिकित्सालय की ओर बढते गए उनके पीछे दिलीप राठौड शलभ बंसल गए ताकि वह वापस से कहीं भटक न जाए। वहां जाकर इरशाद भाई ओपीडी के बाहर प्लास्टिक के कट्टे बिछा कर सो गए। इस बीच शलभ बंसल और दिलीप भाई ने उससे बातचीत भी की पर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए कुछ देर बाद उनके परिजन पत्नी बेटा फिरोज आ गए और उक्त व्यक्ति को उन्हें सुपुर्द किया परिजनों ने सेवा बैंक के समस्त सेवादारों का आभार किया एवं समिति के लिए उन्होंने अल्लाह से दुआ की कि अगर कोई ऐसा व्यक्ति दिखे

तो उनकी आप मदद करें आप सब लोग स्वस्थ रहें। ऐसे प्रसंग पहले भी 10/12 बार हो चुके हैं। समिति ने मेहनत कर गुमशुदा व्यक्ति को परिवार को हवाले किया है।

सामान्य प्रेक्षक ने किया जिले के रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय मंदसौर एवं मल्हारगढ़ का निरीक्षण

मंदसौर, 30 अक्टूबर गुरू एक्सप्रेस। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त जिले की विधानसभा क्षेत्र मंदसौर एवं मल्हारगढ के लिये सामान्य प्रेक्षक श्री राघवेंद्र मिलिंद ठाकुर एवं सुवासरा एवं गरोठ सामान्य प्रेक्षक श्री अशोक वामन ककडे ने रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय मंदसौर एवं मल्हारगढ का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्वाचन संबंधी चुनाव की तैयारियों का जायजा लेते हुये सामान्य प्रेक्षक श्री ठाकुर द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा दिये जा रहे नामांकन फार्म का अवलोकन, नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति स्थल एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री ठाकुर द्वारा विधानसभा क्षेत्र मंदसौर एवं मल्हारगढ के रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय के शिकायत शाखा, अनुमति शाखा का भी अवलोकन कर भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व निर्देशों के अनुरूप बेहतर कार्य करने के लिए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिये। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता के पालन के संबंध में जानकारी दी और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

चुनाव विशेषः दुष्प्रचार करने... पेज 1 से जारी

506बी के अंतर्गत दुष्प्रचार, फेक न्यूज या भड़काने के इरादे से कोई बात कहना या प्रकाशित करना आता है। इसमें आरोपित को तीन वर्ष की कैद या अर्थदंड या फिर दोनों ही सजा मिल सकती है। धारा 125, आरपी एक्ट के अंतर्गत चुनाव के दौरान दुष्प्रचार फैलाने पर सजा के प्रावधान है। आईटी एक्ट, सोशल साइट में अभद्र और झूठी जानकारी का प्रचार-प्रसार करना। भादंवि की धारा 153अ, धर्म, जाति, भाषा या जन्म स्थान के आधार पर किसी दो ग्रुपो में सद्भाव बिगाड़ना आदि है। इसके अतिरिक्त अन्य भी धाराएं हैं जिसमें दंड के प्रावधान हैं।

एजेंसी देना है

शामगढ़, मल्हारगढ़ व धुधड़का में

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

की एक और एजेन्सी देना है। इच्छुक व्यक्ति दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक संपर्क करें।

9425105927, 28 -07422-495831

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

15, नपा मार्केट, नयापुरा रोड़, मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356 फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in